**गुजरात में रेलवे लाइनों का नवीकरण**

**528. श्री गोपालसिंह जी सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात में पश्चिम रेलवे को कितनी हानि/लाभ हुआ ;

(ख) वर्ष 1991-92, 1992-93 1993-94 और वर्ष 1994-95 में अब तक रेलवे लाइनों के नवीकरण विद्युतीकरण और अन्य विकासात्मक कार्यों के संबंध में आपने की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) वर्ष 1994-95 और 1995-96 के दौरान रेलवे द्वारा कार्यान्वित किए जाने वाले विकास कार्यक्रमों का मंडलवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्यक्रमों पर कितनी धनराशि खर्च होने का अनुमान है?

**रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़)** (क) लाभ हानि के बारे में राज्यवार सूचना नहीं रखी जाती, बहरहाल, पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम रेलवे द्वारा अर्जित लाभ इस प्रकार है :—

| वर्ष | रकम करोड़ रु० में |
|---|---|
| 1991-92 | 414.52 |
| 1992-93 | 617.79 |
| 1993-94 | 750.91 |

(ख) गुजरात राज्य में रेल विद्युतीकरण की वर्तमान स्थिति :

गुजरात राज्य में पड़ने वाली बड़ी लाइन के कुल 1755 मार्ग कि.मी. में से 1-2-95 तक 651 मार्ग कि.मी. का विद्युतीकरण हो चुका है । किये गये विद्युतीकरण के वर्षवार आंकड़े निम्नानुसार हैं:—

| वर्ष | मार्ग कि. मी. |
|---|---|
| 1991-92 | कुछ नहीं |
| 1992-93 | 05 |
| 1993-94 | 23 |
| 1994-95 | कोई कार्य हाथ में नहीं है । |

1991-92, 1992-93, 1993-94 तथा 1994-95 (फरवरी, 95 तक) वर्षों के दौरान गुजरात में स्टेशनों के विद्युतीकरण के बारे में उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:—

| वर्ष | विद्युतीकरण स्टेशनों की संख्या |
|---|---|
| 1991-92 | 13 |
| 1992-93 | 11 |
| 1993-94 | 13 |
| 1994-95 (फरवरी, 95) | 2 |

गुजरात में शुरू किये गए विकासात्मक कार्य इस प्रकार हैं :—

| | |
|---|---|
| 1991-92 | कोई नया कार्य शुरू नहीं किया गया । |
| 1992-93 | कोई नया कार्य शुरू नहीं किया गया । |
| 1993-94 | (1) फुलेरा-मारवाड़-अहमदाबाद (572 कि०मी०) का आमान परिवर्तन । (2) जामखंभालिया और पोरबन्दर सिग्नल प्रणाली |
| 1994-95 | राजकोट-रोजवल (135 कि०मी०) का आमान परिवर्तन । |

रेलपथ नवीकरण का वर्ष-वार प्रगति नीचे दी गई है :—

| वर्ष | रेलपथ नवीकरण की प्रगति (सी.टी.आर. यूनिट) |
|---|---|
| 1991-92 | 430 कि.मी. |
| 1992-93 | 350 कि. मी. |
| 1993-94 | 302 कि. मी. |
| 1994-95 | 225 कि.मी. (जनवरी, 95 तक) |

(ग) स्टेशनों के विद्युतीकरण के बारे में 1994–95 तथा 1995–96 में कार्यान्वित किये जाने वाले विकास कार्यों का मंडल-वार ब्यौरा इस प्रकार है :—

| वर्ष | मण्डल | विद्युतीकृत किये जाने वाले स्टेशनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1994–95 | राजकोट | 2 |
| | भावनगर | 1 |
| 1995–96 | कुछ नहीं–क्योंकि सभी पात्र स्टेशनों का 31–3–95 तक विद्युतीकरण हो चुका होगा। | |

रेल लाइन परियोजनाओं के बारे में मण्डलावार ब्यौरा नहीं रखा जाता। गुजरात में 1994–95 तथा 1995–96 में निम्नलिखित कार्य किये जायेंगे।

(1) वीरमगाम-मेहसाणा का आमान परिवर्तन पूरा कर दिया जाएगा।

(2) दिल्ली-अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन पूरा कर लिया जाएगा।

(3) राजकोट–वेरावल के आमान परिवर्तन के कार्य में प्रगति की जाएगी।

(4) कण्डवंज और मोडासा के बीच नई लाइन का कार्य किया जाएगा।

(5) वांकनेर-दहींसरा–नवलखी तथा दहींसरा–मलिया मियाणा का आमान परिवर्तन शुरू किया जाएगा।

(6) यदि योजना आयोग की सहमति तथा संसद का अनुमोदन मिल जाता है तो गांधीधाम-भुज के आमान परिवर्तन पर विचार किया जाएगा।

(घ) 1994–95 के दौरान लगभग कुल 281.52 करोड़ रु० खर्च किए जाने की संभावना है।

Train Accidents

529. SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number of train accidents which occured since 1993 till date in each zone of Indian Railways;

(b) the number of persons killed and injured and the total loss suffered by the railway zone-wise;

(c) the amount of compensation paid to the victims; and

(d) the details of concrete measures proposed to be taken to check the increasing trend of accidents and derailments?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) Zone-wise number of consequential train accidents from 1.1.93 to 28.2.95, casualties therein as also loss to railway property resulting therefrom is tabulated below:—

| Railway | No. of Accidents | Casualties | | Loss of Rly. property |
|---|---|---|---|---|
| | | Killed | Injured | (Rs. in Lakhs) |
| Central | 101 | 30 | 152 | 1507.5 |
| Eastern | 87 | 14 | 53 | 744.8 |
| Northern | 154 | 102 | 141 | 1586.6 |
| North Eastern | 70 | 102 | 251 | 304.2 |
| Northeast Frontier | 106 | 8 | 91 | 442.2 |
| Southern | 113 | 71 | 157 | 1352.0 |
| South Central | 119 | 117 | 203 | 527.1 |
| South Eastern | 216 | 90 | 219 | 3729.8 |
| Western | 124 | 136 | 368 | 1190.7 |